एक नजर में

डॉ. अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित

इंदौर. शहर के प्रसिद्ध डायबिटीज़ एवं एंडोक्राइन विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित लियोनेल ओपाई रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित किया गया है. यह सम्मान उन्हें मुंबई में आयोजित डीसीआर फोरम के शैक्षणिक सम्मेलन में एकेडमी ऑफ़ डायबिटिक एंड कार्डियो रिनल मेडिसिन, लंदन द्वारा प्रदान किया गया. कार्यक्रम में लंदन के प्रो. स्टीफनो परातो और प्रो. रूरी हॉलमैन ने डॉ. अग्रवाल को यह फेलोशिप प्रदान की. उल्लेखनीय है कि इंदौर से वे इस सम्मान को प्राप्त करने वाले एकमात्र चिकित्सक है. यह फेलोशिप उनके उत्कृष्ट अकादमिक कार्य और शोध प्रकाशनों के आधार पर दी गई है, जो केवल चुनिंदा चिकित्सकों को ही मिलती है. डॉ. अग्रवाल के कई शोध पत्र प्री-डायबिटीज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लिनिशियंस हेल्थ, जेल सिंड्रोम, थाइरोट्रोपिन कंट्रोवर्सी और एकेडमिक ओवरडोज़ जैसे विषयों पर अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं. इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुज माहेश्वरी, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. राकेश पारिख, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सचिन गुप्ता और डॉ. सुबोध बांजल ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण बताया है.

सामाजिक संसद के अध्यक्ष का शपथ विधि समारोह

इंदौर. रविवार को सामाजिक संसद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंद गोधा का शपथ विधि समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुनि श्रीपूज्य सागर ने कहा कि समाज एकजुट हो और सभी गुट साथ में मिलकर सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाएं, जिससे एक बार फिर पूरे जैन समाज का इंदौर के समाज का नाम पूरे देश में प्रमुखता के साथ लिया जा सकें. नए अध्यक्ष आनंद और नवीन गोधा को चाहिए कि वह सभी गुटों को साथ में लेकर चले और समाज को आगे बढ़ाएं. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के काबिना मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मैं समाज के चुनाव के खिलाफ रहता हूं मेरा ऐसा मानना है कि चुनाव निर्विरोध होना चाहिए और समाज आगे निरंतर बढ़ना चाहिए. जो लोग चुनाव जीत नहीं पाए उन्हें साथ लेकर समाज को आगे ले जाने के लिए आनंद को कार्य करना होगा. शपथ दिलाई न्यायमूर्ति जे के जैन ने. आनंद गोधा को समाज के पूर्व अधयक्षो और चुनाव अधिकारी नरेन्द्र कुमार जैन के समक्ष शपथ दिलाई. समाज के वरिष्ठ एमके जैन ने महामंत्री के रूप में हर्ष जैन को दायित्व सौंपते हुए आनंद गोधा के साथ कार्यकारिणी में काम करने के लिए नियुक्त करने की घोषणा की. शपथ के बाद आनंद गोधा ने कहा कि समाज मे काम करने वालों कि 15 दिन में शहर मे एक नई टीम बनायेगें. प्रचार प्रमुख प्रवीण जैन ने बताया कि महावीर जयंती के स्वर्ण कलश स्वर्ण यात्रा में जिन सामाजिक संगठनों ने प्रमुखता के साथ अपनी सहभागीता निभाई थी और उन्हें आज पुरस्कृत किया गया. इस अवसर पर नवीन गोधा, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठोर, अक्षय कासलीवाल आकाश कौल, नरेन्द्र वेद, कैलाश लुहाडिया, इद्रकुमार सेठी, संजय जैन, शेखर छाबडा, दिलीप बज टीके वेद, विमल अजमेरा, विनोद जैन मुकेश जैन धर्मेन्द्र सिनेकान के साथ सभी समाज जन शामिल हुए.

पदाधिकारी परिषद की बैठक संपन्न

इंदौर. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद की द्वितीय पदाधिकारी परिषद की मीटिंग जाल सभागृह में महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर संपन्न हुई. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन में बताया कि इस अवसर पर महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर निकली स्वर्ण रथ यात्रा के सारथी रोहित गंगवाल परिवार, भोजन के पुण्यार्जक सुभाष सामरिया परिवार एवं अन्य सहयोगियों का सम्मान समाज के मुख्य समन्वयक डीके जैन, मुख्य संयोजक सुरेंद्र बाकलीवाल कोषाध्यक्ष पिंकेश टोंग्या, प्रचार प्रमुख सतीश जैन आदि द्वारा पगड़ी, मोमेंटो, शाल श्रीफल आदि से किया गया. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने कहा कि प्रथम मीटिंग में मेरे द्वारा की गई घोषणाओं को मैं पूर्ण करने हेतु प्रतिबद्ध हूं. जिनमें प्रमुख थे संविधान संशोधन कर आगामी चुनाव में समाज के प्रत्येक परिवार को जोड़ना, समाज के लिए एक मैरिज गाईन बनवाना. संविधान संशोधन हेतु समाज अशोक बढ़जात्या की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जाएगा. सौरभ पाटोदी को दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के कार्यकारी अध्यक्ष की शपथ भी अशोक बढ़जात्या द्वारा दिलाई गई. कार्यक्रम में समाज के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, नरेंद्र वेद, कैलाश वेद के साथ ही समाज श्रेष्ठी एसके जैन, वीर कुमार जैन, पिंकेश टोंग्या, नकुल पाटोदी, मुकेश टोंग्या, धीरेंद्र कासलीवाल, मनोज बाकलीवाल, के साथ ही समाज के 171 पदाधिकारी उपस्थित थे. संचालन समाज के संगठन मंत्री जेनेश झांझरी एवं प्रवक्ता मनीष अजमेरा द्वारा किया गया. आभार समाज के महामंत्री देवेंद्र सोगानी ने माना.

हनुमत महायज्ञ व श्रीराम कथा के लिए भूमिपूजन

इंदौर. हवा बंगला, कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर 22 मई से प्रारम्भ होने वाले पंचकुंडीय श्रीहनुमत महायज्ञ, श्रीराम कथा एवं विशाल भंडारे के दिव्य अनुष्ठान के लिए रविवार को सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आश्रम के महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में भूमि पूजन की रस्म सम्पन्न हुई. इस दौरान समूचा आश्रम परिसर यज्ञ देवता के जयघोष से गूंज उठा. भूमि पूजन में यजमान समूह की ओर से ललित अग्रवाल, सीताराम नरेडी, ओमप्रकाश अग्रवाल एवं विजय सिंह राणा ने विद्वान आचार्यों के निर्देशन में मंडल पूजन स्थित विभिन्न रस्में संपन्न की. आश्रम परिवार की ओर से डॉ. सुरेश चोपड़ा, सुधीर अग्रवाल, राघवेन्द्र सिंह बैस, संजय अग्रवाल, राजेंद्र गर्ग समर्पण, गुमानसिंह ठाकुर, मांगीलाल ठाकुर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. इस अवसर पर यजमान समूह ने महंत शुकदेव दास के सानिध्य में गेती चलाकर 45*45 क्षेत्र में बनने वाली यज्ञशाला के लिए भूमि पूजन किया. न्यास के प्रमुख ट्रस्टी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं दिनेश मित्तल ने बताया कि इस यज्ञशाला में 22 से 29 मई तक प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक 51 वैदिक विद्वानों द्वारा पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में कवन सो काज कठिन जग माही, जो नहीं होइ तात तुम पाहीं महामंत्र से आहुतियाँ समर्पित की जाएंगी. महायज्ञ में कुल 11 लाख आहुतियाँ समर्पित कर समाज, शहर एवं राष्ट्र में सुख, शांति एवं सदभाव के लिए प्रार्थना की जाएगी.

तापमान सामान्य से कम, तपन बरकरार

इंदौर. रविवार को शहर का तापमान सामान्य से एक डिग्री कम दर्ज किया गया. मगर तापमान जरूर सामान्य से ज्यादा बना हुआ है. राजस्थान में पानी गिरने से गर्म हवाओं का जोर काम हो गया है, इसलिए पिछले चार पांच दिनों से गर्मी कम होकर 40 डिग्री के आसपास तापमान बना हुआ है. आज इंदौर का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री और न्यूनतम 25.9 डिग्री दर्ज किया गया। शाम को 5.30 बजे तापमान 38 डिग्री था, जो सामान्य से 3 डिग्री कम है, लेकिन 27 किलोमीटर के रफ्तार से चल रही गर्म हवाओं के कारण उतनी राहत नहीं मिल रही है। मौसम में गर्मी का अहसास बना हुआ है.

जिंसी हाट स्थित नए परिसर में शिफ्ट होगा मल्हारगंज थाना

- बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नया थाना परिसर
- पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों के साथ किया नई बिल्डिंग का निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. मल्हारगंज थाने को नए परिसर में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है. इसी सिलसिले में पुलिस कमिश्नर स्वयं जिंसी हाट पहुंचे और थाने के लिए आवंटित की गई नई बिल्डिंग का बारीकी से निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर ने बिल्डिंग के बुनियादी ढांचे, पुलिसकर्मियों के बैठने की व्यवस्था और फरियादियों के लिए जरूरी सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के साथ डीसीपी (जोन-1) कृष्ण लालचंदानी, एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेट्टा, और एसीपी विवेक सिंह चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. अधिकारियों ने बिल्डिंग के हर हिस्से का मुआयना किया और यह सुनिश्चित किया कि शिफ्टिंग के बाद थाने के कामकाज में किसी प्रकार की बाधा न आए. पुराने थाना परिसर में जगह की कमी और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए प्रशासन ने इसे जिंसी हाट में शिफ्ट करने का निर्णय लिया है.

और अधिक सुगम होगी पुलिस की पहुंच

नए स्थान पर थाना होने से क्षेत्र में पुलिस की पहुंच और अधिक सुगम होगी. साथ ही, आधुनिक सुविधाओं वाले इस नए परिसर में रिकॉर्ड रूम, हवालात और अधिकारियों के कार्यालयों को व्यवस्थित तरीके से तैयार किया जा रहा है. निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि बिल्डिंग की फिनिशिंग और अन्य तकनीकी कार्यों को जल्द पूरा कर लिया जाएगा. इसके बाद औपचारिक रूप से मल्हारगंज थाने का कामकाज जिंसी हाट से संचालित होना शुरू हो जाएगा. पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस बदलाव से थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी.

ब्रेकअप से बौखलाए पूर्व प्रेमी ने युवती पर किया चाकू से हमला

- लोगों ने आरोपी को पकड़कर पीटा फिर पुलिस के हवाले किया

इंदौर. युवती द्वारा प्रेम संबंध तोड़ने के बाद युवक इतना गुस्सा हो गया कि उसने युवती पर जानलेवा हमला कर दिया. आरोपी ने युवती के घर पहुंचकर चाकू से कई वार किए, जिसमें युवती घायल हो गई. मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया.

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में शनिवार को 20 वर्षीय युवती की शिकायत पर उसके पूर्व प्रेमी विक्रम तंवर के खिलाफ चाकूबाजी और अड़ीबाजी का केस दर्ज किया गया है. आरोपी मूल रूप से राजस्थान के झालावाड़ जिले के मनोहर क्षेत्र का रहने वाला है और यहां दांगीपुरा में रहता है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह रेडीमेड कपड़ों की दुकान में काम करती है. विक्रम पहले उसके पिता के रेस्टोरेंट में काम करता था. करीब दो साल पहले दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में विक्रम ने उसे कोटा ले जाकर शादी कर ली थी. युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी नशे का आदी था, जिससे परेशान होकर उसने करीब एक साल पहले उससे दूरी बना ली और अपने माता पिता के साथ रहने लगी.

शनिवार को विक्रम अचानक युवती के घर पहुंचा और उसे धमकाते हुए कहा कि वह उसे किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेगा. इसके बाद उसने चाकू निकालकर युवती के गाल, पीठ और हाथ पर वार कर दिए. घायल युवती किसी तरह खुद को बचाकर घर के अंदर भागी. शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया. लोगों ने पहले तो उसकी जमकर पिटाई की फिर पुलिस को सौंप दिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है.

पान मसाला व्यापारी की बाइक से 1 लाख नकदी भरा झोला उड़ाया

इंदौर. पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. कर्बला मैदान के पास एक पान की दुकान पर माल सप्लाई करने रुके व्यापारी की बाइक के हैंडल पर टंगा झोला लेकर दो बाइक सवार बदमाश फरार हो गए. झोले में पान-मसाले के साथ 1 लाख रुपए नकद रखे हुए थे.

फरियादी हरीश चंद्र पिता नारायण बड़ोनिया (58), निवासी श्रद्धापुरी एनेक्स, प्रजापत नगर पान मसाला सप्लाई का काम करते हैं. वे अपनी मोटरसाइकिल पर झोला टांगकर दुकानों पर माल देने निकले थे. जब वे कर्बला मैदान के पास स्थित एक पान की दुकान पर पहुंचे, तो अपनी बाइक खड़ी कर झोले से कुछ माल निकालकर दुकानदार को देने के लिए अंदर गए. इसी दौरान दो अज्ञात लड़के अपनी मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचे. आरोपियों ने सूनेपन का फायदा उठाते हुए हरीश चंद्र की बाइक के हैंडल पर टंगे झोले को पलक झपकते ही उतारा और लेकर रफुचक्कर हो गए. फरियादी जब तक कुछ समझ पाते और शोर मचाते, तब तक बदमाश आंखों से ओझल हो चुके थे.

बाक्स...

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

हरीश चंद्र ने पुलिस को बताया कि उस झोले में पान-मसाले के पाउच के साथ-साथ एक लाख रुपये नकद रखे हुए थे. यह राशि 500-500 रुपये की दो गड्डियों के रूप में थी. दिनदहाड़े हुई इस बड़ी चोरी की सूचना मिलते ही पंढरीनाथ पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने आसपास की दुकानों और रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है ताकि संदिग्धों की बाइक के नंबर और उनके हुलिए की पहचान की जा सके.

पुलिस का बड़ा एक्शन : 380 बदमाशों और 194 शराबी ड्राइवरों पर केस

- सरप्राइज चेकिंग में अवैध शराब जब्त
- ढाबा संचालक सहित कई आरोपी गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में 2-3 मई की रात पुलिस की सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग में 380 बदमाशों व संदिग्धों पर कार्रवाई की गई. शराब पीकर वाहन चलाने वाले 194 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज कर वाहन जब्त किए गए. अवैध शराब, गांजा सेवन और सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी के मामलों में भी कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया.

शहर में अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर एडिशनल सीपी (क्राइम) आरके सिंह के मार्गदर्शन में चारों जोन में एक साथ विशेष अभियान चलाया गया. शाम से देर रात तक सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल ने गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों की धरपकड़ की. अभियान के दौरान 380 लोगों पर वैधानिक कार्रवाई की गई. अलग-अलग मामलों में 101 से ज्यादा वारंट तामील किए गए, जिनमें 21 स्थाई, 34 गिरफ्तारी और 46 जमानती वारंट शामिल हैं. शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्ती करते हुए 194 चालकों के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट में कार्रवाई कर वाहन जब्त किए गए. अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई में लसूड़िया थाना पुलिस ने 64 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया. सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते 18 और गांजा पीते 2 लोगों को पकड़ा गया.

महक ढाबे पर खुलेआम पिलाई जा रही थी शराब

चंदन नगर थाना पुलिस ने महक ढाबे पर अवैध रूप से शराब पिलाने के मामले में संचालक अरुण लोहार के खिलाफ आबकारी एक्ट में कार्रवाई की. आदतन बदमाशों पर भी शिकंजा कसते हुए 65 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई. ड्रोन के जरिए हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में निगरानी रखी गई, जबकि संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त कर संदिग्धों पर नजर रखी गई. इस दौरान फरार अपराधियों को भी पकड़ा. होटल, लॉज, रैन बसेरों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया. पकड़े गए आरोपियों से डोजियर भरवाकर उन्हें भविष्य में अपराध न करने की हिदायत दी गई. पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि अपराधियों और लापरवाह वाहन चालकों पर अंकुश लगाया जा सके.

जैन दर्शन के सिद्धांत वैश्विक स्तर पर मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं : सीएम

- इंदौर में जैन प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन

इंदौर. तिलक नगर स्थित राजेंद्रसूरी आराधना भवन में आयोजित जैन प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के अद्भुत संगम के रूप में संपन्न हुआ. आयोजन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहभागिता करते हुए श्रद्धालुओं को संबोधित किया.

यह प्रतिष्ठा महोत्सव गच्छाधिपति आचार्य विजय ऋषभचंद्रसूरीश्वरजी की पाट परंपरा पर विराजमान आचार्य हितेशचन्द्रसूरीश्वरजी आदि ठाणा की मंगल निश्रा में विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में जैन धर्म के मूल सिद्धांत- अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, तप, संयम और सेवा- को मानव जीवन की आधारशिला बताते हुए कहा कि ये मूल्य न केवल व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाते हैं, बल्कि एक सशक्त, संवेदनशील और नैतिक समाज के निर्माण में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने कहा कि आज के समय में जब विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब जैन दर्शन के ये सिद्धांत वैश्विक स्तर पर भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं.

उन्होंने जैन समाज के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यापार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में जैन समाज ने सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है. इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक रमेश मेंदोला, वरिष्ठ समाजसेवी मेघराज जी जैन, मैनेजिंग ट्रस्टी सुजानमल सेठ, समाजसेवी कपिल जैन, श्रवण चावड़ा, राजेंद्र सूरी आराधना भवन के अध्यक्ष प्रेमकमलजी बागरेचा, प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष संजय मोदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजजन उपस्थित रहे.

श्रेष्ठ विचार और सद्गुणों का कलेक्शन करें

- शीतलनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर के ध्वजारोहण महोत्सव का मंगल प्रवेश जुलूस के साथ शुभारंभ

इंदौर. जीवन में भगवान के साथ अपना कनेक्शन जब तक नहीं जुड़ेगा, हमारे कर्मों में करेक्शन भी नहीं आ पाएगा. मनुष्य जीवन बार-बार नहीं मिलता। कनेक्शन और करेक्शन के साथ यह ध्यान भी रखना पड़ेगा कि हम अपने साथ किन विचारों, गुणों और वस्तुओं का कलेक्शन करते जा रहे हैं. संग्रह करना मनुष्य की प्रवृत्ति है. हम जीवन में संग्रह के बहुत अधिक अभ्यस्त होते जा रहे हैं. भगवान के प्रति हमारा कनेक्शन इतना मजबूत और सार्थक होना चाहिए कि हम अपनी गलतियों को सुधारने का करेक्शन भी करते रहें और श्रेष्ठ विचारों एवं सदगुणों का कलेक्शन कर अनावश्यक वस्तुओं के संग्रह से भी बचते रहें.

ये आशीर्वचन हैं पंयास प्रवर योगरुचि विजय के, जो उन्होंने रविवार को द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर के 25वें ध्वजारोहण महोत्सव के शुभारंभ प्रसंग पर मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा में आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए. धर्मसभा में वर्धमान तपोनिधि प्रियदर्शन विजय एवं नंदीरूचि विजय म.सा. आदिठाणा की पावन निश्रा भी प्राप्त हुई. इसके पूर्व सुदामा नगर स्थित सेठी गेट से द्वारकापुरी मंदिर तक बैंड-बाजों के साथ भव्य मंगल प्रवेश जुलूस भी निकाला गया. सांसद शंकर लालवानी सहित अनेक जन प्रतिनिधियों ने जुलूस में शामिल होकर गुरुदेव के शुभाशीष प्राप्त किए. जुलूस के मंदिर पहुँचने पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, उपाध्यक्ष सुशील कुकड़ा एवं सचिव चेतन भंडारी के साथ लाभार्थी परिवारों की ओर से प्रकाशचंद्र, आशीष कुमार, अयांश पारख ने भी समाज बंधुओं की अगवानी की. जुलूस में वीरमणि युवामित्र मंडल, शीतलनाथ महिला मंडल, सामायिक मंडल, श्रीसंघ एवं ध्वजा महोत्सव से जुड़े सैकड़ों बंधु शामिल हुए. मार्ग में अनेक स्थानों पर समाज बंधुओं ने गुरुदेव का पाद प्रक्षालन एवं पूजन किया. ट्रस्ट के अमृत मूणत, विनोद कोठारी एवं अजय लुणावत ने बताया कि छः दिवसीय इस महोत्सव में सोमवार 4 मई को सुबह गुरुदेव के सानिध्य में बड़ी स्नात्र महापूजा, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती समता तरवेचा, चन्दन जैन एवं सुनीता जैन के निर्देशन में दोपहर 2.30 बजे वीररत्न आराधना धाम पर महाचौबीसी होगी.

यूसीमास स्टेट लेवल प्रतियोगिता में जाह्नवी बनी चैंपियन ऑफ चैंपियंस

इंदौर. यूसीमास की 21वीं स्टेट लेवल एबाकस एवं मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता में रतलाम की जाह्नवी राठौड़ पूरे प्रदेश में अव्वल आई. इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन रवींद्र नाट्य गृह में किया गया. इस अवसर पर यूसीमास संस्था के फाउंडर एवं चेयरमेन प्रोफेसर डॉ. डिनो वोंग मलेशिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

संस्था के नीरज गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 41 चैंपियन, 50 फर्स्ट रनरअप, 59 सेकंड रनरअप, 60 थर्ड रनरअप, 69 फोर्थ रनरअप और 92 फिफ्थ रनरअप पुरस्कार वितरित किए गए. इसके अलावा 2000 विद्यार्थियों को मेरिट पुरस्कार एवं शेष विद्यार्थियों को कंसोलेशन पुरस्कार प्रदान किया गया. प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले समूहों में से विद्यार्थियों को चैंपियन ऑफ चैंपियंस का पुरस्कार दिया गया. चैंपियन ऑफ चैंपियंस विद्यार्थियों में रतलाम की जाह्नवी राठौड़, रतलाम की इशमीता जाट, भिंडकी अंश जैन व इंदौर की हिया धूत शामिल रही. प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अन्य 41 विद्यार्थियों को उनके ग्रुप एवं वर्ग के आधार पर चैंपियन के पुरस्कार दिए गए. इन सभी 41 विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए. संचालन यूसीमास मध्यप्रदेश की स्टेट मॉडरेटर अमृता गोयल ने किया. अतिथियों का स्वागत म.प्र. मास्टर फ्रेंचाइजी नीरज गोयल ने किया. आभार म.प्र. की फ्रेंचाइजी मैनेजर रूपिया पठान एवं मॉडरेटर लीना सचदेव ने माना.

एक नजर में

विश्व हास्य योग महासंघ सहित अनेक हास्य योग समूहों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने मनाया विश्व हास्य दिवस

सैकड़ों लोगों ने खूब लगाए ठहाके, परिंदों की सेवा का लिया संकल्प

इन्दौर. विश्व हास्य दिवस के उपलक्ष्य में रविवार सुबह नार्थ राजमोहल्ला स्थित गार्डन पर जोरदार ठहाकों और अट्टहासों से भरपूर रंगारंग आयोजन में सैकड़ों सदस्यों ने अपनी मजेदार, रोचक और दिलचस्प प्रस्तुतियां देकर एकदूसरे को बार-बार हंसने पर बाध्य बनाए रखा.

विश्व हास्य योग महासंघ एवं भैयाजी हास्य एवं योग ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन में शहर के करीब 20 हास्य क्लबों से जुड़े महिला, पुरुष और युवा शामिल हुए. इस मौके पर सैकड़ों बन्धुओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं यातायात नियमों के पालन के साथ ही ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों एवं गौमाता की सेवा का भी संकल्प लिया. महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत रावत के मुख्य आतिथ्य में इस अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष कैलाशचंद्र खंडेलवाल, दिलीप जैन, राधाकृष्ण भैया एवं घनश्याम मित्तल के साथ इस अनूठे आयोजन में डॉ. दिग्विजय नीमा, डॉ. महेश कोठारी एवं डॉ. आर के बंसल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे. कार्यक्रम में आए सैकड़ों लोगों को ग्रीष्मकाल में परिंदों की सेवा के लिए दाना-पानी रखने हेतु मिटटी के सकोरे भी भेंट किए गए. अध्यक्ष ओ पी गुप्ता एवं कैलाशचन्द्र खंडेलवाल ने उन्हें संकल्प भी दिलाया. गया कि वे जीवन में हमेशा हँसते मुस्कुराते हुए परिंदों एवं गौमाता की सेवा के साथ ही खुद के साथ अपने परिजनों, मित्रों और पड़ोसियों को भी हमेशा खुशमिजाज बनाए रखेंगे. संचालन किया घनश्याम मित्तल और कैलाश खंडेलवाल ने तथा आभार माना नंदकिशोर व्यास ने.

हंसाने के अपनाए अलग-अलग तरीके

किसी ने अपनी भावभंगिमा से, किसी ने लतीफों और चुटकुलों से तो किसी ने कविताओं और अन्य तरीकों से विभिन्न क्रियाओं का प्रदर्शन कर उपस्थित बंधुओं को खूब हंसाया. इनमें कमलेश मारू, डॉ. गरिमा ऐरन, उज्जवल स्वामी, आर डी गुप्ता, रामबाबू अग्रवाल, चंचल सलारिया, तारा मालू, मालवी काकी सुनीता कुमावत, आदि के नाम प्रमुख हैं जिन्होंने हास्य योग के लाभ भी बताए और यह भी बताया कि हास्य हमारे जीवन को कितना स्वस्थ और तंदरुस्त रखता है.